Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 16-05-2006

Participants : Budholiya Shri Rajnarayan

an>

Title : Need to lay a new railway line between Harpalpur and Hamirpur Road railway station, Uttar Pradesh.

श्री राजनारायण बुधौलिया (हमीरपुर, उ.प्र.) : महोदय, देश की आजादी से लेकर आज तक हमीरपुर जिले में रेलवे द्वारा कोई कार्य नहीं कराया गया है। क्षेत्र की जनता में इस कारण बहुत ज्यादा रोा व्याप्त है। हरपालपुर, मध्य प्रदेश रेलवे स्टेशन से पनवाडी-राठ, मुस्करा, विवार, हमीरपुर मुख्यालय होते हुए हमीरपुर रोड रेलवे स्टेशन तक काफी घनी आबादी है। यातायात का कोइ साधन न होने के कारण यहां की जनता परेशान है। वर्तमान में हमीरपुर जनपद में रेल यातायात की स्थिति संतोाजनक नहीं है। यदि हरपालपुर, मध्यप्रदेश रेलवे स्टेशन से पनवाडी-राठ, मुस्करा, विवार, हमीरपुर मुख्यालय होते हुए हमीरपुर रोड रेलवे स्टेशन तक जिसकी लम्बाई लगभग 135 किलोमीटर है। रेल लाइन के बनने से क्षेत्र के लोग सीधे लखनऊ से रेल यातायात से जुड़ जायेंगे।

अतः जनता की परेशानी को देखते हुए सदन के माध्यम से मेरा माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि उक्त रेलवे लाइन का जनहित में शीघ्र सर्वेक्षण कराकर रेल लाइन बनवाने हेतु अगले रेल बजट में शामिल किया जाये।